# (यूपी बोर्ड) प्री बोर्ड परीक्षा 2023

BP

समय : 2.30 घण्टे | कक्षा : 12 | पूर्णांक : 100

विषय : सामान्य हिन्दी

---

नोट : (1) सभी प्रश्न के उत्तर देने अनिवार्य है।
(2) सभी प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. (क) 'सुख सागर' के लेखक कौन हैं? 1
   (अ) इंशा अल्ला खाँ (ब) मुशी सदासुख लाल
   (स) लल्लू लाल (द) सदल मिश्र

   (ख) हिन्दी की प्रथम कहानी है– 1
   (अ) रानी केतकी की कहानी (ब) बलिदान
   (स) इन्दूमती (द) पुरस्कार

   (ग) ''बाणभट्ट की आत्मकथा'' रचना की विधा है– 1
   (अ) उपन्यास (ब) आत्मकथा (स) नाटक (द) जीवनी

   (घ) ''कवि वचन सुधा'' पत्रिका के सम्पादक हैं– 1
   (अ) प्रताप नारायण मिश्र (ब) रामचन्द्र शुक्ल
   (स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) भारतेन्दु हरिश्चन्द

   (ङ) ''उपन्यास सम्राट'' कहा जाता है– 1
   (अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) मुंशी प्रेमचन्द
   (स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

modelpaper.info

2. (क) हिन्दी के प्रथम कवि का नाम है– 1
   (अ) चन्दबरदाई (ब) तुलसीदास (स) सरहपा (द) सबरपा

   (ख) ''रामचन्द्रिका'' रचना है– 1
   (अ) केशवदास (ब) बिहारी (स) तुलसी (द) जयशंकर प्रसाद

   (ग) आधुनिक युग का महाकाव्य है– 1
   (अ) रामचरित मानस (ब) पृथ्वीराज रासो
   (स) पद्मावत (द) साकेत

   (घ) जयशंकर प्रसाद कवि है– 1
   (अ) भारतेन्दु युग (ब) द्विवेदी युग
   (स) छायावादी युग (द) छायावादोत्तर युग

   (ङ) ''हरिऔध'' नाम है– 1
   (अ) सूर्यकान्त त्रिपाठी का (ब) अयोध्या सिंह उपाध्याय का
   (स) रामधारी सिंह का (द) गजानन माधव का

3. दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 10

भूमि का निर्माण देवों ने किया है, वह अनन्त काल से है। उसके भौतिक रूप सौन्दर्य और समृद्धि के प्रति सचेत होना हमारा आवश्यक कर्तव्य है। भूमि के पार्थिव स्वरूप के प्रति हम जितने अधिक जागरूक होंगे, उतनी ही हमारी राष्ट्रीयता बलवती हो सकेगी। यह पृथिवी सच्चे अर्थों में समस्त राष्ट्रीय विचारधाराओं की जननी है। जो राष्ट्रीयता पृथिवी के साथ नहीं जुडी वह निर्मूल होती है।

(क) राष्ट्रभूमि के प्रति हमारा आवश्यक कर्तव्य क्या है?
(ख) किस प्रकार की राष्ट्रीयता को लेखक ने निर्मूल कहा है?
(ग) यह पृथिवी सच्चे अर्थों में क्या है?
(घ) रेखांकित वाक्यांश की व्याख्या कीजिए।
(ड़) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

अथवा

अशोक का वृक्ष जितना भी मनोहर हो, जितना भी रहस्यमय हो, जितना भी अलंकारमय हो, परन्तु है वह उस विशाल सामन्त सभ्यता की परिस्कृत रुचि का ही प्रतीक, जो साधारण प्रजा के परिश्रम पर पली थी, उसके रक्त के संसार कणों को खाकर बड़ी हुई थी और लाखो करोड़ों की उपेक्षा से जो समृद्ध हुई थी। वे सामन्त उखड गए, समाज ढह गए और मदनोत्सव धूमधाम भी मिट गई। सन्तान–कमिनियों को गन्धर्वो से अधिक शक्तिशाली देवताओं का वरदान मिलने लगा–पीरों ने भूत–भैरवों ने काली–दुर्गा ने, यक्षों की इज्जत घटा दी। दुनिया अपने रास्ते चली गयी, अशोक पीछे छूट गया।

(क) अशोक किसका प्रतीक है?
(ख) गन्धर्वो से अधिक शक्तिशाली देवताओं का वरदान किसे मिलने लगा?
(ग) समृद्ध और सन्तान कमिनियों का अर्थ क्या है?
(घ) रेखांकित वाक्यांश की व्याख्या कीजिए।
(ड़) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

modelpaper.info

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10

बैठी थी अचल तथापि असंख्य तरंगा
वह सिंही अब थी हहा! गोमुखी गंगा
हा जमकर भी मैंने न भरत को जाना
सब सुन ले, तुमने अभी स्वयं यह माना
यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया
अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया
दुर्बलता का ही चिन्ह विशेष शपथ है
पर अबला जन के लिए कौन–सा पथ है।

(क) प्रस्तुत पद्यांश में किन–किन के बीच संवाद हो रहा है?
(ख) घर लौट चलने के लिए कौन किससे कह रहा है?
(ग) जनकर और अबला शब्द का अर्थ क्या है?
(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ड़) पाठ का शीर्षक एवं रचयिता का नाम लिखिए।

अथवा

सूखी जाती मलिन लतिका जो धरा में पड़ी हो
तो पावों के निकट उसको श्याम के ला गिराना।
यों सीधे से प्रकट करना प्रीति से वंचिता हो
मेरा होना अतिमलिन और सूखते नित्य जाना
कोई पत्ता नवल तरु का पीत जो हो रहा हो
तो प्यारे के दृग युगल के सामने ला उसे ही

धीरे–धीरे संभल रखना औ उन्हें यों बताना
पीला होना प्रबल दुख से प्रोषिता सा हमारा।

(क) राधा पवन से लता को किसके पांव पर गिराने के लिए कहती है?
(ख) सूखी लता से राधा क्या संदेश देना चाहती है?
(ग) नवल तरु व दृग युगल का अर्थ लिखिए।
(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ङ) पाठ का शीर्षक तथा रचयिता का नाम लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय व उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए। (अधिकतम 80 शब्द) 5
(क) वासुदेवशरण अग्रवाल (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(ग) प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी

6. निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय व प्रमुख रचनाएँ लिखिए। (अधिकतम 80 शब्द) 5
(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) सुमित्रानन्दन पन्त
(ग) महादेवी वर्मा

7. पंचलाइट अथवा ध्रुवयात्रा कहानी का सारांश लिखिए। 5

अथवा

पंचलाइट कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

8. रश्मिरथी खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र–चित्रण कीजिए। 5

अथवा

modelpaper.info

रश्मिरथी खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का कथासार लिखिए।

9. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांश का ससंदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 7
संस्कृतसाहित्यस्य आदिकवि वाल्मीकि:, महर्षिव्यास:, कविकुलगुरु कालिदास: अन्ये च भार–भारवि भवभत्यादयो महाकाव्य: स्वकीयै: ग्रन्थरत्नै: अद्यापि पाठकानाम् हृदि विराजन्ते। इयं भाषा अस्माभि: मातृसमं सम्माननीया वन्दनीया च।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 7
सुखार्थिन: कुतो विद्या, कुतो विद्यार्थिन: सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्या, विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्।।

अथवा

विद्या विवदाय धनं मदाय शक्ति: परेषां परिपीडनाय।
खलस्य साधो विपरीतमेतज्ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय।।

10. निम्नलिखित में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।
(क) अपना उल्लू सीधा करना (ख) ईद का चाँद होना
(ग) अधजल गगरी छलकत जाय

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि–विच्छेद के सही विकल्प चुनिए। 3
(अ) महोत्सव का सन्धि विच्छेद है–
(1) महा + उत्सव: (2) महो + उत्सव:
(3) मह + ओत्सव: (4) महोत + सव:

(ब) ''नायक:'' का सन्धि विच्छेद है।

(1) नै + अक: (2) नै + इक

(3) नाय + क: (4) ना + अक:

(स) ''स्वागतम्'' का सन्धि विच्छेद है–

(1) स्व + आगतम् (2) स्वा + आगतम्

(3) स्वा + गतम् (4) सु + आगतम्

(ख) निम्नलिखित शब्दों में विभक्ति और वचन बताइए। 2

(अ) ''आत्मानम्'' में विभक्ति और वचन है–

(1) प्रथमा विभक्ति बहुवचन (2) द्वितीया विभक्ति एक वचन

(3) तृतीया विभक्ति एकवचन (4) चतुर्थी विभक्ति बहुवचन

(ब) ''नामानि'' में विभक्ति और वचन है–

(1) द्वितीया विभक्ति बहुवचन (2) द्वितीया विभक्ति एकवचन

(3) तृतीया विभक्ति एकवचन (4) चतुर्थी विभक्ति बहुवचन

12. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चयन कीजिए।

(अ) अनल–अनिल 1

(1) वायु – अग्नि (2) पानी – आग (3) अग्नि – वायु (4) जल–हवा

(ब) अंस – अंश 1

(1) कंधा – हिस्सा (2) कोण – वस्त्र (3) आँख – कर्ण (4) हर – विकर्ण

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का दो अर्थ लिखिए। 2

(अ) अंक (ब) कनक (स) द्विज

modelpaper.info

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किसी दो वाक्य के एक–एक शब्द लिखिए। 2

(अ) जो सब कुछ जानता हो (ब) आलोचना करने वाला

(स) जहाँ कोई मनुष्य न रहता हो (द) जो आँख के सामने हो

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्य को शुद्ध कीजिए। 2

(अ) तुलसीदास ने अनेकों ग्रन्थ लिखे। (ब) संतोस का फल मीठा होता है।

(स) एक पानी का गिलास लाओ। (द) रानी लक्ष्मीबाई वीर थी।

13. (क) करूण रस अथवा वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) चौपाई अथवा सोरठा का लक्षण तथा उदाहरण लिखिए। 2

(ग) श्लेष अलंकार अथवा रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

14. गन्दगी के कारण फैलने वाले रोग के सम्बन्ध में स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 6

अथवा

उच्च शिक्षा हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए बैंके शाखा प्रबन्धक को आवेदन पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए। 9

(क) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या : कारण एवं निवारण

(ख) वर्तमान में योग का महत्व

(ग) विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

*****